# पर्यटन अध्ययन

## डीटीएस

## सत्रीय कार्य पुस्तिका
## (2025)

## अनिवार्य पाठ्यक्रम
## टीएस–1, टीएस–2 और टीएस–3
## वैकल्पिक पाठ्यक्रम
## टीएस–4, टीएस–5 और टीएस–6

इग्नू
जन-जन का
विश्वविद्यालय

पर्यटन एवं आतिथ्य सेवा प्रबंध अध्ययन विद्यापीठ
इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विष्वविद्यालय
मैदान गढ़ी, नई दिल्ली–110 068

# डीटीएस सत्रीय कार्य

## पर्यटन अध्ययन सत्रीय कार्य

प्रिय विद्यार्थी,

आपको पर्यटन अध्ययन के प्रत्येक पाठ्यक्रम में एक अध्यापक जॉच सत्रीय कार्य (टी.एम.ए.) करना है।सत्रीय कार्य को करने से पहले कृपया पर्यटन अध्ययन की कार्यक्रम दर्शिका में दिए गए निर्देशों को ध्यानपूर्वक पढ़ लें। हम आपको टीएस–1,टीएस–2, टीएस–3, टीएस–4, टीएस–5, और टीएस–6 के सत्रीय कार्य भेज रहे हैं।

नोटः **सभी सत्रीय कार्यों को समय पर अपने अध्ययन केंद्र के संयोजक को भेजें। अपने सत्रीय कार्य के मुख पृष्ठ पर अपनी नामांकन सं., नाम, पता, सत्रीय कार्य कोड एवं अध्ययन केंद्र कोड लिखें।**

**जमा कराए गए सत्रीय कार्य के बदले में अपने अध्ययन केंद्र से उसकी रसीद प्राप्त कर लें। यदि संभव हो तो सत्रीय कार्य की एक प्रति अपने पास रखें।**

मूल्यांकन के बाद, अध्ययन केंद्र द्वारा आपको सत्रीय कार्य वापस भेजा जाना अपेक्षित है। कृपया इसके लिए अनुरोध करें और रिकॉर्ड के रूप में इसे अपने पास रखें। अध्ययन केंद्र सत्रीय कार्यों के अंकों को विद्यार्थी मूल्यांकन प्रभाग, इग्नू, नई दिल्ली को भेजता है।

### सत्रीय कार्य करने के लिए निर्देश

हम आपसे प्रत्येक प्रश्न का उत्तर लगभग 500–700 शब्दों के बीच देने अथवा जैसा सत्रीय कार्य में उल्लेख किया गया है, के अनुसार देने की आशा करते हैं। निम्नलिखित बिंदुओं को ध्यान में रखना आपके लिए उपयोगी होगाः

1) **योजना बनानाः** सत्रीय कार्यों को ध्यानपूर्वक पढ़ें। उन इकाइयों का अध्ययन करें जिन पर ये सत्रीय कार्य आधारित हैं। प्रत्येक प्रश्न के संबंध में कुछ बातें नोट कर लें और तत्पश्चात उन्हें तर्कसंगत क्रम से व्यवस्थित करें।

2) **संगठनः** अपने उत्तरों की कच्ची रूपरेखा बनाने से पहले उनके चयन और विश्लेषण पर थोड़ा अधिक ध्यान दें। निबंध जैसे किसी प्रश्न का उत्तर देते समय प्रस्तावना और निष्कर्ष पर पर्याप्त ध्यान दें। यह सुनिश्चित करें किः
   - क) आपका उत्तर तर्कसंगत और सुसंगत है।
   - ख) उत्तर के वाक्यों और अनुच्छेदों/पैराग्राफों के बीच स्पष्ट संबंध है।
   - ग) आपने अपनी अभिव्यक्ति, शैली और प्रस्तुति को उपयुक्त महत्व देते हुए उत्तर सही–सही लिखा है।

3) **प्रस्तुतिः** जब आपको अपने उत्तर संतोषजनक लगें तो आप उन्हें भेजने के लिए अंतिम रूप देकर लिख लें। प्रत्येक उत्तर स्पष्ट रूप से लिखें और जिन बिंदुओं पर आप जोर देना चाहते हैं, उन्हें रेखांकित करें।

शुभकामनाओं सहित,

प्रो. **(डॉ.)** पारोमिता शुक्लावैद्या
कार्यक्रम संयोजक, डीटीएस

# असाइनमेंट जमा करने की तिथि

## सत्रीय कार्य जमा कराने की अनुसूची

| अनिवार्य पाठ्यक्रम | जून टर्म एंड परीक्षा 2025 के लिए | दिसंबर टर्म एंड परीक्षा 2025 के लिए | किसे भेजें |
|---|---|---|---|
| टीएस–1 | 30 अप्रैल 2025 | 30 अक्तूबर 2025 | अपने अध्ययन केंद्र के संयोजक के पास भेजें |
| टीएस–2 | 30 अप्रैल 2025 | 30 अक्तूबर 2025 | |
| टीएस–3 | 30 अप्रैल 2025 | 30 अक्तूबर 2025 | |
| वैकल्पिक पाठ्यक्रम | | | |
| टीएस–4 | 30 अप्रैल 2025 | 30 अक्तूबर 2025 | |
| टीएस–5 | 30 अप्रैल 2025 | 30 अक्तूबर 2025 | |
| टीएस–6 | 30 अप्रैल 2025 | 30 अक्तूबर 2025 | |

* असाइनमेंट जमा करने की तिथि में किसी भी परिवर्तन के लिए इग्नू की वेबसाइट देखते रहें।

# टी एस–6 : पर्यटन विपणन
## (अध्यापक जॉच सत्रीय कार्य)

पाठ्यक्रम कोड : टीएस–6 कार्यक्रम : डीटीएस
कुल अंक : 100 सत्रीय कार्य कोड : टीएस–6 / टीएमए / 2025

---

**नोट :** इस टीएमए में दस प्रश्न हैं, जिनमें से आपको किन्हीं पाँच प्रश्नों को हल करना है। प्रत्येक प्रश्न के 20 अंक हैं और प्रत्येक का उत्तर लगभग 600 शब्दों में दिया जाना चाहिए। अपना टीएमए अपने अध्ययन केंद्र के समन्वयक को भेजें।

---

1. पर्यटन में बाजार विभाजन का क्या महत्व है? विभिन्न बाजार विभाजन चर की व्याख्या करें। 20
2. प्रतिस्पर्धी विश्लेषण क्या है? विभिन्न रणनीतिक विकल्पों पर चर्चा करें जो एक उद्यम अपने प्रतिस्पर्धियों का मुकाबला करने के लिए अपना सकता है। 20
3. भारत को एक पर्यटन स्थल के रूप में विपणन करने में राष्ट्रीय पर्यटन संगठन और स्थानीय निकायों की भूमिकाओं की तुलना और अंतर स्पष्ट करें। 20
4. पर्यटन में प्रौद्योगिकी की भूमिका और अनुप्रयोग पर चर्चा करें। 20
5. पीक और लीन पर्यटन सीजन को परिभाषित करें। उपयुक्त उदाहरणों के साथ वर्णन करें कि मौसमीयता पर्यटन को कैसे प्रभावित करती है। 20
6. महत्वपूर्ण लागतों की व्याख्या करें जो एक संभावित पर्यटक को उठानी पड़ सकती हैं। पर्यटन उद्यमों द्वारा अपनाए गए मूल्य निर्धारण उद्देश्यों पर चर्चा करें। 20
7. विज्ञापन और जनसंपर्क के बीच अंतर करें। ट्रैवल एजेंसियों द्वारा अपनाई गई बिक्री और प्रचार विधियों की व्याख्या करें। 20
8. निम्नलिखित पर लगभग 300 शब्दों में टिप्पणी लिखें: (2x10=20)
   क) पर्यटन में एनजीओ का हस्तक्षेप
   ख) परिचयात्मक दौरे
9. एयरलाइन की प्रत्यक्ष परिचालन लागत और अप्रत्यक्ष परिचालन लागत क्या हैं? एयरलाइन मार्केटिंग की विशिष्ट विशेषताओं का वर्णन करें। 20
10. निम्नलिखित पर लगभग 150 शब्दों में संक्षिप्त टिप्पणी लिखें। (4x5=20)
    क) बाजार अनुसंधान के उद्देश्य
    ख) पूर्वानुमान की तैयारी को प्रभावित करने वाले कारक
    ग) सामाजिक विपणन और सामाजिक रूप से जिम्मेदार विपणन के बीच अंतर करें
    घ) वितरण चैनलों के स्तर